**Roll No ……………………..** **03/A**

Total No. of Question : ] [Total No. of Printed pages : ]

**SS**

**1037**

**ANNUAL EXAMINATION SYSTEM**

# HINDI

Time allowed: 3 Hours Maximum Marks:

**भाग-क**

**1.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए **10**

(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए
रजनी + ईश

**अथवा**

निम्नलिखित शब्द का संधिविच्छेद कीजिए
प्रत्येक

(ii) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए

**अथवा**

निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइएजेब के लिए खर्च
गौशाला

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए
खामोश, वीर

(iv) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए
बाहर, पंजाब

(v) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए
ईश्वर, जल

(vi) निम्नलिखित में से किसी एक समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग का इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए
असमान-आसमान, प्रणाम-प्रमाण

(vii) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्यांश (अनेक शब्दों) के लिए एक शब्द लिखिए
डाक बाँटने वाला, आलोचना करने वाला

(viii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए
कंजूस, जिंदाबाद

(ix) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए
फल, बोझ

(x) निम्नलिखित में से किसी एक अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए

(क) उसने भूख लगी है।
(ख) दूध में कौन गिर गया है ?

## भाग-ख

**2.** (i) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए **5**

(क) रहीम जी के अनुसार सच्चे मित्र की क्या पहचान है ? 'नीति के पार कविता के आधार पर लिखिए।

(ख) "हम राज्य लिए मरते हैं" कविता में उर्मिला किस की प्रशंसा कर रहा है।

(ग) बूढ़े मनोहर सिंह का नीम का पेड़ किसके पास गिरवी था ? 'आशा का हृदय' कहानी के आधार पर लिखिए।

(घ) नीति-विशारद अकबर मन बहलाने के लिए किसकी ओर देखता। 'मित्रता' निबन्ध के आधार पर लिखिए।

(ङ) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ने तस्करों को मार कर 311 लाख का सोना छीना?

(ii) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए **4**

प्रभ तरुतर कपि डार पर, ते किए आपु समान।
तलसी कहुँ न राम से, साहिब सील निधान।

**अथवा**

हँसमुख प्रसून सिखलाते
पल भर है, जो हँस पाओ.
अपने उर की सौरभ से
जग का आँगन भर जाओ!

(iii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए **6**

(क) 'ममता' कहानी में ममता ने अपनी झोपड़ी के द्वार पर आए अश्वारोही को बुलाकर क्या कहा?

(ख) राजेंद्र बाबू को देखकर हर किसी को यह क्यों लगता था कि उन्हे पहले कहीं देखा है ? 'राजेंद्र बाबू' निबन्ध के आधार पर लिखिए।

(ग) 'देश के दुश्मन' एकांकी में नीलम क्यों चाहती थी कि डी.सी. दोपहर के बाद जयदेव को मिलने आएँ।

(iv) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए **15**

(क) 'दो कलाकार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर मनोहर सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ग) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी छोटी बहू के अलावा घर के सभी सदस्यों को बनाकर क्या समझाते हैं ?

(घ) 'मित्रता' निबन्ध में लेखक ने सच्चे मित्र के कौन-कौन से गुण बताएं हैं

(ङ) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में छिपे व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

## भाग-ग

**3.** (i) आपका नाम दीपक कुमार है। आप मकान नम्बर 345, सुन्दर नगर, फरीदाबाद में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 2134474657 है। आप नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अपने क्षेत्र की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। **7**

**अथवा**

आपका नाम मीना कुमारी है। आप मकान नम्बर 234, सुख नगर, कपूरथला (पंजाब) में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1343485769 है। आप कपूरथला के 'जन चेतना' समाचार पत्र के सम्पादक के नाम अवारा कनों
ओर ध्यान दिलाने हेतु एक पत्र लिखिए।

(ii) निम्नलिखित किसी एक विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखित **8**

(क) गाँव का खेल मेला
(ख) नाटक में अभिनय में मेरा पहला अनुभव
(ग) परीक्षा से एक घंटा पूर्व

**भाग-ग**

**4.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए **5**

जब एक उपभोक्ता अपने घर पर बैठे इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न वसा खरीदारी करता है तो उसे ऑनलाइन खरीदारी कहा जाता है। इस तरह की खरीदारी आज अत्यंत लोकप्रिय हो गयी है। दुकानों, शोरूमों आदि के खुलने व बंद होने का समय होता है किन्तु ऑनलाइन खरीदारी का कोई विशेष समय नहीं है। आप जब चाहें इंटरनेट के माध्यम से खरीदारी कर सकते हैं। आप फर्नीचर, किताबें, सौन्दर्य प्रसाधन, वस्त्र, खिलौने, जूते, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि कुछ भी ऑनलाइन खरीद सकते हैं। यद्यपि यह बहुत ही सुविधाजनक और लाभदायक है तथापि इसमें कई जोखिम भी समाविष्ट हैं। अत: ऑनलाइन खरीदारी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। सबसे पहले इस बात पर ध्यान रखें को जिस वेबसाइट से आप खरीदारी करने जा रहे हैं यह वास्तविक है अथवा नहीं। अलग-अलग साइट्स पर उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं की कीमतों का तुलनात्मक अध्ययन करके ही खरीदारी करें। बिक्री की नियम एवं शर्तों को भी अच्छी तरह परख लेना चाहिए। लेन-देन पूरा करने के बाद उसका प्रिंट लेना समझदारी होगी। यदि आप क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान करते हैं तो भुगतान के बाद तुरंत जाँच लें कि आपने जो कीमत चुकाई है वह सही है या नहीं। यदि आप उसमें कोई भी परिवर्तन पाते हैं तो तत्काल सम्बन्धित अधिकारिया से सम्पर्क स्थापित करके उन्हें सूचित करें। वैसे ऐसी साइट्स को प्राथमिकता दी जाना चाहिए जिसमें आर्डर की गई वस्तु की प्राप्ति होने पर नकद भुगतान करने की सुविधा हो एवं खरीदी गई वस्तु नापसंद होने पर वापिस करने का प्रावधान हो।

(क) ऑनलाइन खरीदारी किसे कहा जाता है ?

(ख) आप इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन क्या-क्या खरीदारी कर सकत है।

(ग) क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने के पश्चात यदि कोई अनियमितता पार है तो हमें क्या करना चाहिए?

(घ) 'समाविष्ट' और 'प्राथमिकता' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**भाग-ङ**

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरों/लोकोक्तियों के वाक्य इस तरह बनाएं ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं **3**

(क) इस कान सुनना उस कान उड़ा देना

(ख) कच्चा चिट्ठा खोलना

(ग) तिनके का सहारा

(घ) अपना कोढ़ बढ़ता जाय, औरों को दवा बताय

(ङ) जोते हल तो होंवे फल

**भाग-च**

**6.** निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए **3**

ਭਾਰਤ ਦੇ ਉੱਤਰ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਦੇ ਆਗਰਾ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿਚ ਸਥਿਤ ਤਾਜਮੱਹਲ ਇਕ ਖ਼ੂਬਸੂਰਤ ਮਕਬਰਾ ਹੈ।ਇਸਦਾ ਨਿਰਮਾਣ ਮੁਗਲ ਸਮਰਾਟ ਸ਼ਾਹਜਹਾਨ ਨੇ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਮੁਮਤਾਜ ਮਹੱਲ ਦੀ ਯਾਦ ਵੱਿਚ ਕਰਵਾਇਆ ਸੀ। ਇਹ ਆਪਣੀ ਸੁੰਦਰਤਾ ਅਤੇ ਉੱਤਮ ਵਾਸਤੂਕਲਾ ਕਰਕੇ

**भाग-छ**

**7.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए **2**

(क) आपका नाम हरिनाम है। आपकी सेक्टर-14 यमुनानगर में एक दस मरले की कोठी है। आप इसे बेचना चाहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1456894566 है, जिस पर कोठी खरीदने के इच्छुक आपसे सम्पर्क कर सकते हैं। वर्गीकृत
विज्ञापन के अन्तर्गत कीठी बिकाऊ है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

(ख) सरकारी हाई स्कूल, सेक्टर-56 चंडीगढ़ के मुख्याध्यापक की ओर से स्कूल के सूचना-पट (नोटिस बोर्ड) के लिए एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें स्कूल की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए सेक्शन बदलने की अंतिम तिथि
08.04.2016 दी गयी हो।

**8.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका का उतारकर भरें

(क) मान लीजिए आपका नाम सुलोचना कुमारी है। आपका हिमालय बैंक, शाखा शिमला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 18954326781 है। आपको अपने इस खाते में से 2500 रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें

**हिमालय बैंक, शाखा : शिमला**
**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम : _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

खाता नम्बर : _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

कृपया मुझे -_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _(राशि शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर : _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

(ख) मान लीजिए आपका नाम रूप सिंह है। आपका भारतीय डाक के सेक्स। करनाल में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 128947654431 है। अपने इस खाते में से 4000/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें:

**रुपये निकालने का फॉर्म**
**(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)**
**डाकघर का नाम : सेक्टर-15, करनाल**

खाता सं :- _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

कृपया मुझे : _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ रुपये (अंकों में)- _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _
(शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर : _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _